विकास आयुक्त कार्यालय
SRLM प्रकोष्ठ
ब्लाक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक–38 (CIV)
इंद्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ

बिहान

Ph. No. 0771-2510745, Fax No. 0771-2420222, E-mail – mdcgsrlm@gmail.com

क्रमांक 1052 / NRLM/LH/2017 नया रायपुर, दिनांक 01 /06/2017

प्रति,

संचालक,
कृषि / उद्यानिकी / मछली पालन / पशुपालन / रेशम विभाग
इंद्रावती भवन, नया रायपुर छत्तीसगढ़

विषय :– **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत गठित स्व–सहयता समूहों के सदस्यों को विभागीय योजनाओं के अंतर्गत अभिसरण के माध्यम से आजीविका संवर्द्धन करना।**

—00—

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गरीब, पिछड़ी हुई महिलाओं को स्व–सहायता समूह से जोड़कर उनके आजीविका संवर्द्धन हेतु कार्य किया जा रहा है। अब तक राज्य के 27 जिलों एवं 85 विकासखण्डो में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत कुल– 51013 स्व–सहायता समूह का गठन कर कुल– 562281 महिलाओं को स्व–सहायता समूह से जोड़ा जा चुका है।

स्व–सहायता समूह के सदस्यों के आजीविका संवर्द्धन हेतु बिहान द्वारा संवहनीय कृषि एवं महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (MKSP) के अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं रेशम पालन की गतिविधियों से जोड़कर कार्य किया जा रहा है (सूची संलग्न)। महिला किसानों के जीवन स्तर में सुधार करने हेतु विभागीय योजनाओं से अभिसरण करने की आवश्यकता है। उक्त अभिसरण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से सुश्री. दिव्या गुप्ता– राज्य कार्यक्रम प्रबंधक–आजीविका, मो.न.–79870–02847 /96174–70799 एवं श्री कृष्णगोपाल मित्तल–सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक–आजीविका मो. न.–96691–25486 नोडल होगें।

अतः आप राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनकी जानकारी इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं आपके विभागीय योजनाओं में इन महिला किसानों को जोड़ने हेतु जिलो को निर्देर्शित करने का कष्ट करें।

1/6/2017

(भास्कर विलास संदीपन)
राज्य मिशन संचालक, NRLM
विकास आयुक्त कार्यालय
इंद्रावती भवन, नया रायपुर
छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक 1053 / NRLM/LH/2017 नया रायपुर, दिनांक 01 /06/2017

प्रतिलिपिः—

1. कृषि उत्पादक आयुक्त, नया रायपुर, छत्तीसगढ़।
2. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर।
3. कलेक्टर, जिला— समस्त छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत— समस्त छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ।

(भोस्कर विलास संदीपन)
राज्य मिशन संचालक, NRLM
विकास आयुक्त कार्यालय
इंद्रावती भवन, नया रायपुर
छत्तीसगढ़